# CUH student got second position in the International conference

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 02-01-2024**

# हकेवि शोधार्थी की पोस्टर प्रस्तुति को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मिला द्वितीय स्थान

नीरज कौशिक



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पोषण जीवविज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अनीता कुमारी की शोधार्थी सुश्री सरिता को उनके शोध कार्य की पोस्टर प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया है। छिलके रहित और छिलके वाले जौ की विभिन्न किस्मों का पोषण मूल्यांकन और गैर-संचारी रोगः मधुमेह के जोखिम को कम करने में उनकी संभावित भूमिका शीर्षक पर उनके शोध कार्य को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पुरस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने भविष्य के सुपरफूडः जौ पर अंतःविषय, व्यावहारिक एवं आवश्यक शोध करने पर लेखकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। यहां बता दें कि मानव स्वास्थ्य पर पर्यावरण, भोजन और पोषण का प्रभाव विषय पर हुए दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत शोध कार्य में शोधार्थी सुश्री सरिता के साथ विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनीता कुमारी व शोधार्थी सुश्री दीपिका ने सह-लेखकों की भूमिका निभाई। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेस की डीन व विश्वविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ की निदेशक प्रो. नीलम सांगवान ने भी शोध कार्य से जुड़े लेखकों व सह-लेखकों को उनके शोध कार्य व उपलब्धि के लिए बधाई दी। लेखकों ने बताया कि जौ कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के साथ पोषण के पावर हाउस के रूप में भविष्य रखता है। यह विभिन्न गैर-संचारी विकारों के प्रबंधन के लिए एक स्थायी समाधान है और इसमें मधुमेह विरोधी गतिविधि के गुण उपलब्ध है।

इस प्रकार, कार्यात्मक खाद्य उत्पादों के रूप में उत्पादन और उपयोग के संदर्भ में जौ को बढ़ावा देने से भोजन, पोषण, गैर-संचारी विकार और आर्थिक सुरक्षा के बोझ को कम करने में मदद मिल सकती है। विश्वविद्यालय के पोषण जीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा ने भी पूरी टीम को बधाई दी और युवा शोधकताओं को इस तरह के दूरदर्शी शोध कार्य करने और क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक आदान-प्रदान के लिए प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. उमेश कुमार, डॉ. अश्वनी कुमार, डॉ. तेजपाल ढेवा, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. मनीषा पांडे एवं डॉ. जितेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 02-01-2024**

## पोस्टर प्रस्तुति को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मिला द्वितीय स्थान



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हकेंवि) के पोषण जीवविज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अनीता कुमारी की शोधार्थी सरिता को उनके शोध कार्य की पोस्टर प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया है। छिलके रहित और छिलके वाले जौ की विभिन्न किस्मों का पोषण मूल्यांकन और गैर संचारी रोग मधुमेह के जोखिम को कम करने में उनकी संभावित भूमिका शीर्षक पर उनके शोध कार्य को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पुरस्कृत किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने भविष्य के सुपरफूड जौ पर अंत विषय, व्यावहारिक व आवश्यक शोध करने पर लेखकों के प्रयासों की सराहना की। मानव स्वास्थ्य पर पर्यावरण, भोजन और पोषण का प्रभाव विषय पर हुए दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत शोध कार्य में शोधार्थी सरिता के साथ विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनीता कुमारी व शोधार्थी दीपिका ने सह-लेखकों की भूमिका निभाई। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 02-01-2024**

## हकेंवि के पोस्टर को मिला सेमिनार में द्वितीय स्थान



महेंद्रगढ़। हकेंवि शोधार्थी की पोस्टर प्रस्तुति को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में द्वितीय स्थान मिला। पोषण जीवविज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अनीता कुमारी की शोधार्थी सुश्री सरिता को उनके शोध कार्य की पोस्टर प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया है। उन्हें द्वितीय स्थान मिला है। छिलके रहित और छिलके वाले जौ की विभिन्न किस्मों का पोषण मूल्यांकन और गैर-संचारी रोग मधुमेह के जोखिम को कम करने में उनकी संभावित भूमिका शीर्षक पर उनके शोध कार्य को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पुरस्कृत किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, सहायक आचार्य डॉ. अनीता कुमारी, दीपिका, समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार आदि ने उन्हें बधाई दी है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 02-01-2024**

# हकेंवि शोधार्थी का पोस्टर प्रस्तुति में द्वितीय स्थान



कुलपति प्रो. टंकेश्वर के साथ अन्य स्टाफ एवं शोधार्थी • जागरण

संस, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के पोषण जीवविज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डा. अनीता कुमारी की शोधार्थी सरिता को उनके शोध कार्य की पोस्टर प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया है। छिलके रहित और छिलके वाले जौ की विभिन्न किस्मों का पोषण मूल्यांकन और गैर-संचारी रोग मधुमेह के जोखिम को कम करने में उनकी संभावित भूमिका शीर्षक पर उनके शोध कार्य को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पुरस्कृत किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने भविष्य के सुपरफूड जौ पर अंतःविषय, व्यावहारिक व शोध करने पर लेखकों की की। मानव स्वास्थ्य पर पर्यावरण, भोजन और पोषण का प्रभाव विषय पर हुए दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत शोध कार्य में शोधार्थी सरिता के साथ विभाग की सहायक आचार्य डा. अनीता कुमारी व शोधार्थी दीपिका ने सह-लेखकों की भूमिका निभाई। समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, स्कूल आफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेस की डीन व विश्वविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ की निदेशक प्रो. नीलम सांगवान ने भी शोध कार्य से जुड़े लेखकों व सह-लेखकों को उनके शोध कार्य पर बधाई दी। लेखकों ने बताया कि जौ कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के साथ पोषण के पावर हाउस के रूप में भविष्य रखता है। यह विभिन्न गैर-संचारी विकारों के प्रबंधन के लिए एक स्थायी समाधान है और इसमें मधुमेह विरोधी गतिविधि के गुण उपलब्ध है। इस प्रकार, कार्यात्मक खाद्य उत्पादों के रूप में उत्पादन और उपयोग के संदर्भ में जौ को बढ़ावा देने से आर्थिक मदद मिल सकती है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 02-01-2024**

# केन्द्रीय विवि. के शोधार्थी की पोस्टर प्रस्तुति को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मिला द्वितीय स्थान

महेंद्रगढ़, 1 जनवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पोषण जीवविज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अनीता कुमारी की शोधार्थी सुश्री सरिता को उनके शोध कार्य की पोस्टर प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया है।

छिलके रहित और छिलके वाले जौ की विभिन्न किस्मों का पोषण मूल्यांकन और गैर-संचारी रोग: मधुमेह के जोखिम को कम करने में उनकी संभावित भूमिका शीर्षक पर उनके शोध कार्य को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पुरस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने भविष्य के सुपरफूड: जौ पर अंत:विषय, व्यावहारिक एवं आवश्यक शोध करने पर लेखकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। बता दें कि मानव स्वास्थ्य पर पर्यावरण, भोजन और पोषण का प्रभाव विषय पर हुए दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत शोध कार्य में शोधार्थी सुश्री सरिता के साथ विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनीता कुमारी व शोधार्थी सुश्री दीपिका ने सह-लेखकों की भूमिका निभाई। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेस की डीन व विश्वविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ की निदेशक प्रो. नीलम सांगवान ने भी शोध कार्य से जुड़े लेखकों व सह-लेखकों को उनके शोध कार्य व उपलब्धि के लिए बधाई दी। लेखकों ने बताया कि जौ कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के साथ पोषण के पावर हाउस के रूप में भविष्य रखता है। यह विभिन्न गैर-संचारी विकारों के प्रबंधन के लिए एक स्थायी समाधान है और इसमें मधुमेह विरोधी गतिविधि के गुण उपलब्ध है। इस प्रकार, कार्यात्मक खाद्य उत्पादों के रूप में उत्पादन और उपयोग के संदर्भ में जौ को बढ़ावा देने से भोजन, पोषण, गैर-संचारी विकार और आर्थिक सुरक्षा के बोझ को कम करने में मदद मिल सकती है।



*कुलपति टंकेश्वर कुमार, समकुलपति व कुलसचिव के साथ शिक्षक एवं शोधार्थी।*

पोषण जीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा ने भी पूरी टीम को बधाई दी और युवा शोधकर्ताओं को इस तरह के दूरदर्शी शोध कार्य करने और क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक आदान-प्रदान के लिए प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. उमेश कुमार, डॉ. अश्वनी कुमार, डॉ. तेजपाल ढेवा, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. मनीषा पांडे एवं डॉ. जितेंद्र कुमार ने भी उपस्थित रहे।

नवोदय टाइम्स Tue, 02 January 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/74246083

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 02-01-2024**

# हकेवि की क्रिकेट टीम ने केबीसीएनएम विश्वविद्यालय, जलगांव को छह विकेट से हराया

नीरज कौशिक

**महेंद्रगढ़।** नागपुर विश्वविद्यालय में खेले जा रहे 19वें आल इंडिया वीसी कप-2023 के लीग मैच में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की क्रिकेट टीम ने केबीसीएनएम विश्वविद्यालय, जलगांव को 6 विकेट से हरा दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने क्रिकेट टीम की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए टीम को आगे के मैचों के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि खेल आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक संतुलन व सामाजिक कौशल को बढ़ाने में भी मददगार होते हैं। यहां बता दें कि जलगांव की टीम महाराष्ट्र राज्य के विश्वविद्यालयों के बीच हुए टूनार्मेंट में सेमीफाइनलिस्ट टीमों में से एक है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने भी जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ये जीत पूरे विश्वविद्यालय की जीत है और भविष्य में भी इस तरह के टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए स्टाफ को प्रोत्साहित किया जाएगा। हकेवि क्रिकेट टीम के कप्तान डॉ. जितेंद्र सैनी ने बताया कि आल इंडिया वीसी कप-2023 में देशभर के विश्वविद्यालयों की 30 टीमें प्रतिभागिता कर रही हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की टीम दूसरी बार इस टूनार्मेंट में भाग ले रही है। यह टूनार्मेंट पिछले लगभग 25 साल से पूरे भारत वर्ष में अलग-अलग जगह आयोजित की जाती है। डॉ. सैनी ने बताया कि रामवीर गुर्जर ने मैच में 03 विकेट हासिल किए और 02 कैच भी पकड़े। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। संजीव कुमार शानदार प्रदर्शन करते हुए 27 बाल पर 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली एवं डॉ. शाहजहां ने 03 विकेट लिए। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए केबीसीएनएम विश्वविद्यालय की टीम ने 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 109 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते



हुए हकेवि की टीम ने 4 विकेट खोकर 11.3 ओवरों में 113 रन बनाए। इस तरह हकेवि की टीम ने छह विकेट से विजय प्राप्त की।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 02-01-2024**

स्पर्धा

नागपुर विश्वविद्यालय में खेले जा रहे 19वें ऑल इंडिया वीसी कप-2023 के लीग मैच में लिया भाग

# हकेंवि की टीम ने केबीसीएनएम विश्वविद्यालय, जलगांव को हराया

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** महाराष्ट्र के नागपुर विश्वविद्यालय में खेले जा रहे 19वें ऑल इंडिया वीसी कप-2023 के लीग मैच में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम ने केबीसीएनएम विश्वविद्यालय, जलगांव को 6 विकेट से हरा दिया है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने क्रिकेट टीम की जीत पर कहा कि खेल आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक संतुलन व सामाजिक कौशल को बढ़ाने में भी मददगार होते हैं।

जलगांव की टीम महाराष्ट्र राज्य के विश्वविद्यालयों के बीच हुए टूर्नामेंट में सेमीफाइनलिस्ट टीमों में से एक है।



हकेंवि की क्रिकेट टीम के सदस्य। स्रोत : विवि

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि ये जीत पूरे विश्वविद्यालय की जीत है और भविष्य में भी इस तरह के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए स्टाफ को प्रोत्साहित किया जाएगा। हकेंवि की क्रिकेट टीम के कप्तान डॉ. जितेंद्र सैनी ने बताया कि ऑल इंडिया वीसी कप-2023 में देशभर के विश्वविद्यालयों की 30 टीमें प्रतिभागिता कर रही हैं।

## पोस्टर प्रस्तुति को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मिला द्वितीय स्थान



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हकेंवि) के पोषण जीवविज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अनीता कुमारी की शोधार्थी सरिता को उनके शोध कार्य की पोस्टर प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया है। छिलके रहित और छिलके वाले जौ की विभिन्न किस्मों का पोषण मूल्यांकन और गैर संचारी रोग मधुमेह के जोखिम को कम करने में उनकी संभावित भूमिका शीर्षक पर उनके शोध कार्य को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पुरस्कृत किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने भविष्य के सुपरफूड जौ पर अंत विषय, व्यावहारिक व आवश्यक शोध करने पर लेखकों के प्रयासों की सराहना की। मानव स्वास्थ्य पर पर्यावरण, भोजन और पोषण का प्रभाव विषय पर हुए दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत शोध कार्य में शोधार्थी सरिता के साथ विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनीता कुमारी व शोधार्थी दीपिका ने सह-लेखकों की भूमिका निभाई। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 02-01-2024**

19वां ऑल इंडिया वीसी कप-2023

## हकेंवि की क्रिकेट टीम ने केबीसीएनएम विवि जलगांव को छह विकेट से हराया



भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

नागपुर विश्वविद्यालय में खेले जा रहे 19वें आल इंडिया वीसी कप-2023 के लीग मैच में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ की क्रिकेट टीम ने केबीसीएनएम विश्वविद्यालय जलगांव को 6 विकेट से हराया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने क्रिकेट टीम की जीत पर शुभकामनाएं दीं।

हकेंवि क्रिकेट टीम के कप्तान डॉ. जितेंद्र सैनी ने बताया कि ऑल इंडिया वीसी कप-2023 में देशभर के विवि की 30 टीमें प्रतिभागिता कर रही हैं। डॉ. सैनी ने बताया कि मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए केबीसीएनएम विश्वविद्यालय की टीम ने 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 109 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हकेंवि की टीम ने 4 विकेट खोकर 11.3 ओवरों में 113 रन बनाए।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 02-01-2024**

# हकेंवि ने केबीसीएनएम विवि को छह विकेट से हराया



मैच जीतने के बाद हरियाणा केंद्रीय विद्यालय की विजेता टीम • सौजन्यः प्रवक्ता

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** नागपुर विश्वविद्यालय में खेले जा रहे 19वें आल इंडिया वीसी कप-2023 के लीग मैच में हकेंवि महेंद्रगढ़ की क्रिकेट टीम ने केबीसीएनएम विश्वविद्यालय जलगांव को छह विकेट से हरा दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने क्रिकेट टीम की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए टीम को आगे के मैचों के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि खेल आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक संतुलन व सामाजिक कौशल को बढ़ाने में भी मददगार होते हैं।

जलगांव की टीम महाराष्ट्र राज्य के विश्वविद्यालयों के बीच हुए टूर्नामेंट में सेमीफाइनलिस्ट टीमों में से एक है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने भी जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ये जीत पूरे विश्वविद्यालय की जीत है और भविष्य में भी इस तरह के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए स्टाफ को प्रोत्साहित किया जाएगा। हकेंवि क्रिकेट टीम के कप्तान डा. जितेंद्र सैनी ने बताया कि आल इंडिया वीसी कप-2023 में देशभर के विश्वविद्यालयों की 30 टीमें प्रतिभागिता कर रही हैं। हरियाणा केंद्रीय विवि की टीम दूसरी बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रही है। यह टूर्नामेंट 25 साल से देशभर में अलग-अलग जगह आयोजित की जा रही है।

डा. सैनी ने बताया कि रामवीर गुर्जर ने मैच में 03 विकेट हासिल किए और 02 कैच भी पकड़े। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन आफ द मैच से सम्मानित किया गया। संजीव कुमार शानदार प्रदर्शन करते हुए 27 बाल पर 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली एवं डा. शाहजहां ने 03 विकेट लिए। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए केबीसीएनएम विश्वविद्यालय की टीम ने 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 109 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हकेंवि की टीम ने 4 विकेट खोकर 11.3 ओवरों में 113 रन बनाए। इस तरह हकेंवि की टीम ने छह विकेट से जीत प्राप्त की।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Gurgaon Today** **Date: 02-01-2024**

# हकेवि की क्रिकेट टीम ने केबीसीएनएम विश्वविद्यालय जलगांव को 6 विकेट से हराया

**सुरेंद्र चौधरी, गुड़गांव टुडे**



**नारनौल।** नागपुर विश्वविद्यालय में खेले जा रहे 19वें आल इंडिया वीसी कप-2023 के लीग मैच में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की क्रिकेट टीम ने केबीसीएनएम विश्वविद्यालय, जलगांव को 6 विकेट से हरा दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने क्रिकेट टीम की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए टीम को आगे के मैचों के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि खेल आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक संतुलन व सामाजिक कौशल को बढ़ाने में भी मददगार होते हैं।

गौरतलब है कि जलगांव की टीम महाराष्ट्र राज्य के विश्वविद्यालयों के बीच हुए टूर्नामेंट में सेमीफाइनलिस्ट टीमों में से एक है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने भी जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ये जीत पूरे विश्वविद्यालय की जीत है और भविष्य में भी इस तरह के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए स्टाफ को प्रोत्साहित किया जाएगा।

हकेवि क्रिकेट टीम के कप्तान डॉ. जितेंद्र सैनी ने बताया कि आल इंडिया वीसी कप-2023 में देशभर के विश्वविद्यालयों की 30 टीमें प्रतिभागिता कर रही हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की टीम दूसरी बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रही है। यह टूर्नामेंट पिछले लगभग 25 साल से पूरे भारत वर्ष में अलग-अलग जगह आयोजित की जाती है। डॉ. सैनी ने बताया कि रामवीर गुर्जर ने मैच में 03 विकेट हासिल किए और 02 कैच भी पकड़े। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।

संजीव कुमार ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 27 बॉल पर 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली एवं डॉ. शाहजहां ने 03 विकेट लिए। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए केबीसीएनएम विश्वविद्यालय की टीम ने 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 109 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हकेवि की टीम ने 4 विकेट खोकर 11.3 ओवरों में 113 रन बनाए। इस तरह हकेवि की टीम ने छह विकेट से विजय प्राप्त की।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 02-01-2024**

# हकेंवि की क्रिकेट टीम ने केबीसीएनएम हराया

- विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने क्रिकेट टीम की जीत पर हर्ष जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नागपुर विश्वविद्यालय में खेले जा रहे 19वें आल इंडिया वीसी कप-2023 के लीग मैच में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम ने केबीसीएनएम विश्वविद्यालय, जलगांव को छह विकेट से हरा दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने क्रिकेट टीम की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए टीम को आगे के मैचों के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि खेल आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक संतुलन व सामाजिक कौशल को बढ़ाने में भी मददगार होते हैं। यहां बता दें कि जलगांव की टीम महाराष्ट्र राज्य के विश्वविद्यालयों के बीच हुए टूनार्मेंट में सेमीफाइनलिस्ट टीमों में से एक है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने भी जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ये जीत पूरे विश्वविद्यालय की जीत है और भविष्य में भी इस तरह के टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए स्टाफ को प्रोत्साहित किया जाएगा। हकेंवि क्रिकेट टीम के कप्तान डॉ. जितेंद्र सैनी ने बताया कि आल इंडिया वीसी कप-2023 में देशभर के विश्वविद्यालयों की 30 टीमें प्रतिभागिता कर रही हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की टीम दूसरी बार इस टूनार्मेंट में भाग ले रही है। यह टूनार्मेंट पिछले लगभग 25 साल से पूरे भारत वर्ष में अलग-अलग जगह आयोजित की जाती है। डॉ. सैनी ने बताया कि रामवीर गुर्जर ने मैच में तीन विकेट हासिल किए और दो कैच भी पकड़े। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। संजीव कुमार शानदार प्रदर्शन करते हुए 27 बाल पर 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली एवं डॉ. शाहजहां ने तीन विकेट लिए। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए केबीसीएनएम विश्वविद्यालय की टीम ने 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 109 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हकेंवि की टीम ने चार विकेट खोकर 11.3 ओवरों में 113 रन बनाए। इस तरह हकेंवि की टीम ने छह विकेट से विजय प्राप्त की।



**महेंद्रगढ़** । हकेंवि की क्रिकेट टीम के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 02-01-2024**

# हकेवि की टीम ने केबीसीएनएम विवि. को हराया

महेंद्रगढ़, 1 जनवरी (मोहन, परमजीत): नागपुर विश्वविद्यालय में खेले जा रहे 19वें आल इंडिया वीसी कप-2023 के लीग मैच में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की क्रिकेट टीम ने केबीसी एनएम विश्वविद्यालय, जलगांव को 6 विकेट से हरा दिया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने क्रिकेट टीम की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए टीम को आगे के मैचों के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि खेल आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक संतुलन व सामाजिक कौशल को बढ़ाने में भी मददगार होते हैं। यहां बता दें कि जलगांव की टीम महाराष्ट्र राज्य के विश्वविद्यालयों के बीच हुए टूर्नामेंट में सेमीफाइनलिस्ट टीमों में से एक है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने भी जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ये जीत पूरे विश्वविद्यालय की जीत है और भविष्य में भी इस तरह के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए स्टाफ को प्रोत्साहित किया जाएगा। हकेवि क्रिकेट टीम के कप्तान डॉ. जितेंद्र सैनी ने बताया कि आल इंडिया वीसी कप-2023 में देशभर के विश्वविद्यालयों की 30 टीमें प्रतिभागिता कर रही हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की टीम दूसरी बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रही है। यह टूर्नामेंट पिछले लगभग 25 साल से पूरे भारत वर्ष में अलग-अलग जगह आयोजित की जाती है। डॉ. सैनी ने बताया कि रामवीर गुर्जर ने मैच में 03 विकेट हासिल किए और 02 कैच भी पकड़े।



*हकेवि की क्रिकेट टीम के सदस्य।*

उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। संजीव कुमार शानदार प्रदर्शन करते हुए 27 बाल पर 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली एवं डॉ. शाहजहां ने 03 विकेट लिए।

मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए केबीसीएनएम विश्वविद्यालय की टीम ने 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर109 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हकेवि की टीम ने 4 विकेट खोकर 11.3 ओवरों में 113 रन बनाए। इस तरह हकेवि की टीम ने छह विकेट से विजय प्राप्त की।

नवोदय टाइम्स Tue, 02 January 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/74246092